आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 14.08.2024

मुख्य समाचारः–

1– देशभर में कल मनाया जाएगा अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस समारोह–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लालकिले से राष्ट्रध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे।

2– स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

3– 'ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र' के तहत सीमा पर तैनात जवानों के लिए छत्तीसगढ़ से भेजे गए नौ लाख रक्षासूत्र कल नई दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय में सौंपे गए।

4– विभाजन विभीषिका दिवस पर आज प्रदेशभर में हुए अनेक कार्यक्रम।

स्वतंत्रता दिवस

देशभर में कल अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के जज्बे और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले से राष्ट्रध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे।

इधर, छत्तीसगढ़ में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। वहीं, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिला मुख्यालय में, जबकि उपमुख्यमंत्री अरूण साव बिलासपुर तथा विजय शर्मा बस्तर में आयोजित समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव में तिरंगा फहराएंगे। वहीं, मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य और सांसद विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में तिरंगा फहराएंगे। अन्य जनप्रतिनिधि भी अपने–अपने क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा भवन कल आम नागरिकों के लिए सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक खुला रहेगा।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों सहित पूरे देशवासियों, सेना के जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह आकाशवाणी के आधिकारिक यू–ट्यूब चैनल आकाशवाणी एआईआर पर भी उपलब्ध होगा।

स्वतंत्रता दिवस–विशेष अतिथि

इस साल नई दिल्ली में आयोजित होने वाले अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस समारोह में देशभर से करीब छह हजार विशेष अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया है। इन विशेष अतिथियों में महिला, युवा, किसान और आदिवासियों के साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों के लोग तथा स्वतंत्रता दिवस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता भी शामिल हैं।

आदिवासी वर्ग के तहत छत्तीसगढ़ से तेईस लोगों को, नीति आयोग की ओर से बीस लोगों को, स्कूल विभाग के तहत प्रेरणा के रूप में तेईस लोगों को, चार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पंचायत विभाग के तहत सात लोगों को आमंत्रित किया गया है।

छत्तीसगढ़ से जिन आदिवासीजनों को इस बार स्वतंत्रता दिवस पर नई दिल्ली आमंत्रित किया गया है, उनमें रोहिणी ध्रुव भी शामिल है। रोहिणी इस आमंत्रण को लेकर काफी उत्साहित हैं।

वहीं, चेतन सोरी ने इस आमंत्रण के लिए केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया है।

इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय है – विकसित भारत।

वहीं, इस बार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में बीजापुर जिले के कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं के सौ मेधावी बच्चे भी शामिल होंगे। ये विद्यार्थी अपने रायपुर प्रवास के दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री निवास के अलावा राजधानी के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे।

पुलिस–पदक

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस पदकों की घोषणा कर दी है। इनमें छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के पच्चीस अधिकारियों और कर्मचारियों को वीरता पदक, विशिष्ट सेवा पदक और सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए जाएंगे। पंद्रह अधिकारियों को पुलिस वीरता पदक, एक अधिकारी को विशिष्ट सेवा पदक और सराहनीय सेवाओं के लिए नौ पुलिस अधिकारियों को पुलिस पदक प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा तथा पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने पदक से विभूषित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी हैं।

जोहार तिरंगा/स्वतंत्रता दौड़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'जोहार तिरंगा कार्यक्रम' में शामिल हुए। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश के मशहूर गायक कैलाश खेर और उनकी टीम ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपने–अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की।

स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। जगदलपुर में स्वतंत्रता–तिरंगा दौड़ बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने से शुरू हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मां दंतेश्वरी मंदिर के पास ही सम्पन्न हुई। इस तिरंगा दौड़ में पद्मश्री धरमपाल सैनी, बस्तर सांसद महेश कश्यप सहित पुलिस तथा अर्द्ध सैनिक बलों के जवान शामिल हुए।

कांग्रेस–संविधान यात्रा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा देश की आजादी की सतहत्तरवीं वर्षगांठ के पहले आज प्रदेश के सभी वार्डों में संविधान यात्रा निकाली गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज रायपुर में आयोजित संविधान यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर अन्य जिलों में भी आयोजित संविधान यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र

छत्तीसगढ़ से शुरू हुआ 'ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र' अभियान कल दिल्ली पहुंचा। इस रक्षासूत्र में एक चुटकी मिट्टी, एक मौली धागा और रक्षक सिपाहियों के लिए एक पत्र शामिल है। ऐसे नौ लाख रक्षासूत्र छत्तीसगढ़ से दिल्ली पहुंचे हैं। इस अभियान का दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ को सीमा पर तैनात जवानों के लिए ये रक्षा सूत्र सौंपे। इस अवसर पर वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिन्द्र कुमार भी उपस्थित थे। यह अभियान पूर्व सैनिक संगठन–सिपाही और पूर्व सैनिक महासभा ने छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से चलाया है। रक्षा राज्यमंत्री ने फोन कर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस अभियान के लिए बधाई दी।

विभाजन विभीषिका दिवस

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय रायपुर द्वारा विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर आज से बिलासपुर के चिंगराजपारा स्थित शासकीय स्कूल परिसर में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर विभाजन की त्रासदी को भोगने वाले लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रमुख शैलेष फाये ने बताया कि हर साल चौदह अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय भारत सरकार ने लिया है। इसके तहत वास्तविक चित्रों को संग्रहित कर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों द्वारा कक्षा नवमीं के सौ छात्रों को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। चित्र प्रदर्शनी के पहले दिन आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं, कल निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी।

वहीं, रायपुर रेलवे स्टेशन में भी आज विभाजन विभीषिका को दर्शाती चित्र प्रदर्शनी लगाई गई।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी विभाजन विभीषिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कांकेर में आयोजित कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए।

दिलीप सिंह जूदेव–पुण्यतिथि

पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की पुण्यतिथि के अवसर पर पत्थलगांव तहसील के किलकिला गांव में आज आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नगर पंचायत पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने की घोषणा की।

आईआईएटी–एमओयू

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में कल छत्तीसगढ़ में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान–आईआईएफटी कोलकाता के निर्यात सुविधा केंद्र और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। आईआईएफटी के सुविधा केंद्र के छत्तीसगढ़ में स्थापित होने से प्रदेश से निर्यात करने वाले व्यवसायियों को मार्गदर्शन मिलेगा। वहीं, निर्यात की जाने वाली वस्तुओं, उत्पादों के सर्टिफिकेशन और बाजार की जानकारी भी उद्यमियों को मिल सकेगी।

इसके अलावा प्रदेश में स्थापित होने वाले भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से यहां के युवाओं को उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान उत्तर छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। वहीं, प्रदेश के जशपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

इस बीच, जांजगीर–चांपा जिले के कापन गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।

संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कल बिभु दत्त गुरू और अमितेन्द्र किशोर प्रसाद को उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई।

– राज्य शासन ने गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के गौरेला नगर पंचायत और पेंड्रा नगर पंचायत को नगर पालिका परिषद बनाने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।